दिनांकः 03.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका–ईरान संघर्ष के बीच सऊदी अरब, बहरीन और जॉर्डन के राष्ट्राध्यक्षों से बात कर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की।
- नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय कला महोत्सव की शुरूआत–देशभर के एक हजार से अधिक कलाकारों की भागीदारी।
- प्रदेशभर में आज धुलण्डी पर्व का उल्लास–विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन कर सुख–समृद्धि की कामना की गई।
- बाड़मेर में पारा 37 डिग्री के पार–28 जिलों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री से ऊपर दर्ज।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका–ईरान संघर्ष के बीच सऊदी अरब, बहरीन और जॉर्डन के राष्ट्राध्यक्षों से बात कर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। श्री मोदी ने सऊदी अरब के प्रधानमंत्री **मोहम्मद बिन सलमान** से पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर फोन पर चर्चा की। श्री मोदी ने सऊदी अरब पर हुए हालिया हमलों की निंदा की और इसे संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बताया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और सऊदी अरब दोनों शांति और स्थिरता की जल्द बहाली की पैरवी करते हैं।

श्री मोदी ने बहरीन के राजा **हमद बिन ईसा अल खलीफा** से भी फोन पर बातचीत की। बहरीन पर हुए हमलों की निंदा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत इस कठिन घड़ी में बहरीन के लोगों के साथ खड़ा है।

प्रधानमंत्री ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से भी बातचीत कर जॉर्डन के लोगों की शांति, सुरक्षा और भलाई के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। श्री मोदी ने भारतीय समुदाय का ध्यान रखने के लिए इन देशों के प्रमुखों का आभार जताया है।

इस बीच, दुबई और अबू धाबी से भारत के लिए उड़ानें कल रात फिर से शुरू हो गईं। इससे यूएई में हजारों भारतीय यात्रियों को राहत मिली है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि सरकार पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के आला अधिकारियों के साथ कच्चे तेल, एलपीजी और अन्य उत्पादों की आपूर्ति स्थिति की समीक्षा की गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कल नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई मुलाकात के बाद संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच विभिन्न क्षेत्रों में तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इनमें खनिज, नवीकरणीय ऊर्जा और सांस्कृति सहयोग शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि इनसे आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी।

............

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इसका विषय ''आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना'' रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार ये वेबिनार चार अलग–अलग सत्रों में आयोजित की जा रही है। इनमें विनिर्माण, औद्योगिक विस्तार, एमएसएमई, बाजार पहुंच, लॉजिस्टिक तथा माल ढुलाई के बिन्दु शामिल हैं। इस पोस्ट बजट वेबिनार में विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने

के सरकार के दूरदर्शी सुधार एजेंडे पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के अनुभव और सुझावों के आधार पर नीतियों के बेहतर कार्यान्वयन पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम सीधा प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के विभिनन चैनलों के साथ–साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी किया जाएगा।

000

नई दिल्ली में जनजातीय कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने कल इसका शुभारंभ किया। 13 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में देशभर के करीब एक हजार जनजातीय चित्रकारों, मूर्तिकारों और कलाकारों की भागीदारी हो रही है। इस मौके पर श्री ओराम ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर का ये मंच कलाकारों को विचारों का आदान–प्रदान के साथ आजीविका को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने इस आयोजन को जनजातीय समाज के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस पहल बताया।

--------------

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर धुलण्डी का पर्व आज मनाया जा रहा है। लोग एक–दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दे रहे हैं। वहीं कल प्रदेशभर में अनेक स्थानों पर पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही लोगों ने सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। चंग, ढफ की थाप पर लोगों ने परम्परागत होरी गीतों का आनंद लिया।

-------------

ब्रज क्षेत्र में होली का उल्लास छाया हुआ है। जगह–जगह हुरियारों की टोलियां नजर आ रही हैं। नंद गांव बरसाने में लठमार होली भी खेली जा रही है। उधर, कोटा में होलिका दहन के साथ ही विभिन्न संस्थाओं की ओर से झांकियां भी सजाई गईं। अलग–अलग थीमों पर सजाई गईं इन झांकियों में अरावली बचाव और महिला विश्वकप विजेता टीम की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। जैसलमेर में सोनार किले पर बादशाह की झांकी सजाई गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि होली पर्व पर देशी–विदेशी पर्यटकों के लिए भी विशेष इंतजाम किये गये हैं।

--------------

प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में इस अवसर पर अनूठी परम्पराएं निभाई जा रही हैं। पुष्कर में कल होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राजधानी जयपुर में आज पर्यटन विभाग की ओर से देशी–विदेशी सैलानियों के लिए धुलण्डी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

होली और धुलंडी पर्व के मद्देनजर पुलिस की ओर से यातायात प्रबंधन और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने प्रदेशवासियों से सामाजिक समरसता के इस पर्व को मिलजुलकर मनाने और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया है।

000

मौसम विभाग ने प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार प्रदेश में दिन और रात का तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री ऊपर दर्ज किया जा रहा है। वहीं आगामी दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी का अनुमान है। इस बीच, कल 28 जिलों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री से ऊपर रहा। बाड़मेर में दिन का पारा 37 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि फागुन के महीने में ही जेठ की तपिश का अहसास हो रहा है।

--------------

000